# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0 / प्रयो0 / 1509
दिनांक : 05/8/2024

**अनुस्मारक–3**
**अत्यावश्यक / तत्काल**
**विज्ञप्ति**

**विषय–बी0एड0 द्वितीय वर्ष–2024 के आन्तरिक परीक्षाओं के अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय का 36वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 03.09.2024 को नियत है। विश्वविद्यालय नियमानुसार आन्तरिक परीक्षा के अंक सैद्धान्तिक परीक्षा के पूर्व पोर्टल पर अपलोड हो जाने चाहिये किन्तु 30 महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा जिसकी सूची इस विज्ञप्ति के साथ संलग्न है, बी0एड0 द्वितीय वर्ष–2024 की सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षायें सम्पन्न हो जाने के उपरान्त भी पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा आगामी दीक्षान्त समारोह में सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता छात्र / छात्रा को मेडल प्रदान किया जाना है। आन्तरिक परीक्षा के अंक अपलोड करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 802, दिनांक 29.04.2024, विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 1415, दिनांक 20.07.2024 एवं विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 1445, दिनांक 24.07.2024 जारी की जा चुकी है किन्तु उसके बावजूद भी सूची में अंकित 30 महाविद्यालयों / संस्थानों (सूची संलग्न) द्वारा अभी तक बी0एड0 द्वितीय वर्ष–2024 के आन्तरिक परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं जिसके अभाव में बी0एड0 द्वितीय वर्ष–2024 का परीक्षा परिणाम घोषित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। इस स्थिति पर मा0 कुलपति महोदया द्वारा घोर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

**अतः संलग्न सूची में अंकित 30 महाविद्यालयों / संस्थानों के प्राचार्य / प्राचार्या से पुनः अपेक्षा है कि तत्काल ऑनलाईन पोर्टल पर वांछित अंक अपलोड करना सुनिश्चित करें। यदि किसी महाविद्यालय / संस्थान द्वारा आन्तरिक परीक्षाओं के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किये जाते हैं और उनके अभाव में किसी भी छात्र / छात्रा का परीक्षा परिणाम अपूर्ण रहता है और छात्र / छात्रा कोई भी लाभ पाने से वंचित रह जाते हैं तो उसका समस्त दायित्व सम्बन्धित प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक का होगा।**

यह भी सूच्य है कि आन्तरिक परीक्षा के अंक किसी भी दशा में ऑफलाईन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि किसी महाविद्यालय / संस्थान द्वारा छात्र / छात्राओं के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किये जाते हैं तो उनके अंक अपलोड किये जाने हेतु पोर्टल पुनः सक्रिय नहीं किया जायेगा।

संलग्नक : यथोक्त।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान सम्बद्ध चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को अनुपालनार्थ।
4. प्रभारी, वेबसाईट / कम्प्यूटर सेल / परीक्षा परिणाम सेल, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
5. मैसर्स आई0टी0आई0 लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)

## B.Ed. - II Year - 2024

## List of Colleges who's Internal Marks not completed

| S.No. | College Code | COLLEGE NAME | Internal Marks |
|---|---|---|---|
| 1 | 1050 | I A M R COLLEGE PANCHLI KHURD MEERUT | ALL |
| 2 | 364 | MEERUT INTERNATIONAL INSTITUTE OF TEACHERS MEERUT | 703, 704 |
| 3 | 368 | GREATER NOIDA INSTT. OF BUSINESS MANAGEMENT G. NOIDA | 703704 |
| 4 | 438 | VAN DURGA INST. OF MANAGEMENT & TECH. BHOORBARAL MEERUT | ALL |
| 5 | 441 | AVIRAJ COLLEGE OF EDUCATION AND TECHNOLOGY MAWANA MEERUT | ALL |
| 6 | 446 | ST. ANDREWS COLLEGE OF EDUCATION DAURALA MEERUT | ALL |
| 7 | 469 | PT. GIRDHARI LAL COLLEGE OF EDUCATION, HAPUR | ALL |
| 8 | 522 | GYANSTHALI VIDHYAPEETH BHOJPUR HAPUR ROAD MODINAGAR (GZB) | ALL |
| 9 | 540 | MANNIYA KANSHI RAM COLLEGE OF EDU.,NATANAGAR, BULANDSHAHR | ALL |
| 10 | 545 | INSTITUTE FOR ADVANCE STUDIES, RORI, MODINAGAR, GHAZIABAD | ALL |
| 11 | 556 | MEERUT COLLEGE OF PROF. EDUCATION, KHIRWA JALALPUR, MEERUT | ALL |
| 12 | 589 | BIJENDRA TEOTIA MEMORIAL MAHAVIDYALA MANKI MODINAGAR GZB. | ALL |
| 13 | 598 | SAVITA DEVI GIRLS COLLEGE KAYATHA GAWARI, MOHIUDDINPUR | ALL |
| 14 | 705 | CAMPUS SCHOOL DEPARTMENT OF EDUCATION, GHAZIABAD | ALL |
| 15 | 737 | GHAZIABAD INSTITUTE OF MANAGEMENT & TECH., GHAZIABAD | ALL |
| 16 | 748 | D N COLLEGE MEERUT | ALL |
| 17 | 777 | RAJ KUMAR GIRLS DEGREE COLLEGE, GARHMUKTESHVER, GHAZIABAD | ALL |
| 18 | 811 | SHATABDI INSTITUTE OF EDUCATION MOHIUDDINPUR, MEERUT | ALL |
| 19 | 813 | S R C E MEERUT | ALL |
| 20 | 877 | RAKSHPAL BAHADUR MANAGEMENT INST. K. PARK-III GREATER NOIDA | 704 |
| 21 | 913 | ACADEMY OF BUSINESS MANAGEMENT, MODINAGAR (GHAZIABAD) | 703, 704 |
| 22 | 915 | INSTITUTE OF PROFESSIONAL STUDIES, GHAZIABAD | ALL |
| 23 | 975 | KISHAN INSTITUTE OF TEACHER EDUCATION MEERUT | ALL |
| 24 | 983 | D P B S P G COLLEGE ANUPSHAHAR | 503 |
| 25 | 1027 | UNIVERSOL COLLEGE OF HIGHER EDUCATION, MEERUT | ALL |
| 26 | 1061 | BANKEY BIHARI INST. OF EDU. BAHADURPUR, SARDHANA, MEERUT | ALL |
| 27 | 1098 | GLOBAL COLLEGE OF HIGHER EDUCATION, MEERUT | ALL |
| 28 | 1099 | MEERUT INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION, NAGLI EISHA, MEERUT | ALL |
| 29 | 1141 | SITARAM INSTITUTE OF TECH.MAVI KILA PARIKSHITGARH MEERUT | ALL |
| 30 | 1186 | N.I.M.T. INSTITUTE OF EDUCATION, KNOWLEDGE PARK-1 G.NOIDA | ALL |